सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 78 आषाढ़ 4, गुरुवार, शाके 1948– जून 25, 2026 अंक 13
Vol. 78 Asadha 4 , Thursday, Saka 1948 –June 25, 2026 No. 13

भाग 7
विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मै, शैतान गुर्जर पुत्र देवकरण गुर्जर, आयु 38 वर्ष, जाति–गुर्जर, निवासी– 01, गुर्जर मौहल्ला, मोथी ढसूक जिला अजमेर (राज.) शपथपूर्वक बयान करता हूँ किः–

1. यह कि मेरे पुत्र आशीष गुर्जर द्वारा 10 वीं कक्षा की परीक्षा वर्ष 2022 में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से उत्तीर्ण की थी जिसमें उसका नामांक 1738107 था एवं मेरे पुत्र आशीष गुर्जर द्वारा 12 वीं कक्षा की परीक्षा वर्ष 2024 में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से उत्तीर्ण की थी जिसमें उसका नामांक 2504344 था। उक्त उत्तीर्ण की गई परीक्षाओं हेतु जारी अंकतालिका में पिता का नाम यानि मेरा नाम शैतान सिंह (Shaitan Singh) अंकित है ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड, जनाधार कार्ड आदि में मेरा नाम शैतान गुर्जर अंकित है उक्त दोनों नाम शैतान सिंह व शैतान गुर्जर मेरे स्वयं के ही नाम हैं किसी अन्य व्यक्ति के नाम नहीं हैं। भविष्य में उक्त नामों में भिन्नता के कारण कोई समस्या होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व रहेगी।
3. यह है कि मैं अब स्वयं अपनी पत्नी और अपने बच्चों के लिए और उनकी ओर से अपने उक्त नाम शैतान सिंह के प्रयोग को छोड़ता हूं और उसकी जगह मैंने अपना नाम शैतान गुर्जर रख लिया है, और जिससे कि मैं, मेरी पत्नी, मेरे बच्चे भविष्य में मेरे उक्त नाम शैतान सिंह से न बुलाए जाए बल्कि मेरे नाम शैतान गुर्जर के नाम से बुलाये जाए/जाने पहचाने जाएं।
4. यह है कि मैं अपने इस निश्चय को प्रमाणित करने के उद्देश्य से में यह घोषणा करता हूँ तथा लेन–देन से निजी अभिलेखों, प्रलेखों तथा कामकाजों और सभी कार्यवाहियों, व्यवहारों और लेन–देन के निजी तौर पर तथा सभी अवसरों पर अपने उक्त नाम शैतान सिंह की जगह शैतान गुर्जर के नाम का प्रयोग करूँगा और उसी के अनुसार हस्ताक्षर करूँगा।
5. यह कि मैं यह शपथ पत्र राजपत्र में प्रकाशन बाबत् प्रस्तुत कर रहा हूं।

दिनांकः– 11–05–2026 शैतान गुर्जर
स्थानः– अजमेर हस्ताक्षर शपथकर्ता

सत्यापन

मैं उक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि इस शपथ–पत्र की मद संख्या 1 से 5 तक मेरी निजी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही व सत्य हैं।

दिनांकः– 11–05–2026 शैतान गुर्जर
स्थानः– अजमेर हस्ताक्षर शपथकर्ता

ATTESTED
ROSHAN LAL MITTAL
11-05-2026
NOTARY PUBLIC, AJMER (RAJ.).

10203

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।